राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'रक्षाबंधन' के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 06 अगस्त 2017

महामहिम राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने 'रक्षाबंधन' के त्योहार के अवसर पर सभी बिहारवासियों को बधाई व शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री त्रिपाठी ने कहा है कि भाई–बहन के पावन और प्रगाढ़ प्रेम का प्रतीक यह पर्व कौटुम्बिक समरसता की प्रेरणा देता है। सभी भाई और बहन इसे पारस्परिक स्नेह, सम्मान, विश्वास और कल्याण की मंगलकामना के साथ मनाते हैं।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारतीय संस्कृति के इस अनुपम पर्व के सफल आयोजन से सामाजिक सद्भावना और राष्ट्रीय एकता भी सुदृढ़ होगी।

....